


# विश्व आदिवासी दिवस आज : जिम्मेदार काट रहे मौज, मौत के साए में गुजरती आदिवासियों की जिंदगी

## पात्रता नहीं जुगाड़ से मिलता है पीएम आवास, जर्जर स्कूल भवन एवं पेड़ के नीचे शिक्षा ग्रहण करने मजबूर आदिवासी बच्चे







नवभारत न्यूज

**बरौंधा 8 अगस्त, आज भी आदिवासी शासन की तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आदिवासी समुदाय विकास की मुख्य धारा में भले न शामिल हो पाया हो लेकिन सैद्धांतिक व सांस्कृतिक रूप से खासा संपन्न है।**

सतना जिले का मझगवां विकासखंड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जो आज भी पिछड़ा हुआ है आज भी गरीब परिवार पीएम आवास के लिए भटक रहे हैं एवं गांव पहुंचने के लिए रास्ता तक नहीं है। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पाता तो वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। आज विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों की बदतर जिंदगी पर प्रकाश डालती एक विशेष रिपोर्ट ग्राम पंचायत सिंहपुर का किरहाई पोखरी यह गांव दो टोलों में बंटा है।

पहला टोला रोड किनारे "आंगनवाड़ी केंद्र" के पीछे लगभग 500 मीटर दूर है जिसमें 17 परिवार मवासी समुदाय के हैं जिनकी जनसंख्या संख्या 120 है। इन आदिवासी परिवारों को आने-जाने के लिए घर से निकल कर मुख्य स?क तक जाने की रास्ता तक नही है। प्रधानमंत्री आवास से भी वंचित हैं, साथ ही सभी परिवार भूमिहीन है। दूसरा टोला हरदी जागीर के पास तालाब किनारे की बस्ती है जिसमें 25 घर मवासी परिवारों के निवास करते हैं जिनकी जनसंख्या 130 के लगभग है।


इस टोला में आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, खेत की मेड़ों से होकर गांव के लोग आते जाते हैं। गांव में पेयजल की विकराल समस्या है। गांव के लोग हरदी जागीर के ठाकुर परिवारों की बस्ती से या फिर यादव परिवारों के खेतों मे लगे ट्यूबवेल से पीने का पानी लाते हैं। गांव में एक हैण्डपंम्प बांस के भीडा किनारे राजाराम मवासी के घर के पास लगा था जो एक वर्ष से खराब पड़ा है। पीएचई विभाग के मिस्त्री बताते हैं कि बोर के अंदर कोई पत्थर खिसक कर आ जाने से न तो पाइप ऊपर आते हैं और न ही नीचे जाते हैं, इसलिए यह हैण्ड पंप बनने योग्य नही है। गांव में प्रधानमंत्री आवास की स्थिति खराब है तीन या चार लोगों को ही मिले हैं, बांकी पूरा गांव पीएम आवास योजना से वंचित है गांव के सभी परिवार भूमिहीन है।

### ग्राम पंचायत झरी (नकैला) का पुतरिहा गांव



यह गांव 55 घर मवासी परिवारों की बस्ती है जिनकी जनसंख्या 350 के लगभग है। इस गांव के लोगों को जांघों से ऊपर नाले में पानी को पार कर गांव आना-जाना पड़ता है। यह गांव बरौंधा से मझगवां पहुंच मार्ग में झरी के पास पड़ने वाली पुलिया से दक्षिण तरफ 3 किलो मीटर दूर भउठी के पास है। इसी पंचायत का अंधियारा गांव जहां न तो जाने के लिए रास्ता है और न बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय भवन। बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।

### ग्राम पंचायत पिंडरा का बरहा मवान




यह गांव 90 घर मवासी परिवारों की बस्ती है। जिनके आने-जाने के लिए सड़क नहीं है। पिंडरा गांव से निकलकर पयस्वनी नदी के घाट का उतारा बरसात के दिनों में राहगीर को फिसलने को मजबूर कर देता है। बरसात के दिनों में पयस्वनी नदी का पानी हफ्तों रपटा के ऊपर से बहता रहता है जिससे गांव के लोगों का आवागमन बंद हो जाता है। इसके साथ ही पयस्वनी नदी से गांव तक की सड़क पत्थर के नुकीले बोल्डर जो हर किसी के पैरों मे चुभते हैं व साइकिल जैसे दो पहिया वाहन को पंचर कर देते हैं। मंगल मवासी के घर के पास से बरहा मवान गांव तक कच्ची रास्ता है जो बरहा गांव के नजदीक ट्रांसफार्मर के पास बहते नाला को पार कर निकलना भी मासूम बच्चों के लिए मुसीबत भरा होता है। प्राथमिक विद्यालय के भवन की छत जर्जर हो चुकी है जो उखड़ कर नीचे गिरने लगी है। विद्यालय भवन बच्चों के बैठने के अनुकूल नही है। आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन जो अभी पिछले पंचवर्षीय मे बनवाया गया था जिसमे दीवारों की न तो छपाई कराई गई और ना ही पक्का फर्श डलवाया गया बिना पूर्ण किए ही छोड़ दिया गया। आंगनवाड़ी के बच्चों के बैठने की कोई व्यवस्था न होने के कारण मजबूरी मे आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जब कि केन्द्र के भवन को कंप्लीट कर विभाग को हैंडओवर होना चाहिए था। गांव मे प्रधानमंत्री आवासों की स्थिति खराब है। अब तक 10 परिवारों को ही लगभग आवास प्राप्त हुए हैं।

# एलटी लाइन तार टूटने से रातभर रतजगा करते रहे वार्डवासी

नवभारत न्यूज

**सतना / उचेहरा 8 अगस्त, उचेहरा नगर के वार्ड 13 में बीती रात्रि एल टी लाइन टूट जाने से वार्ड वासी पूरी रात इस बात का रतजगा करते रहे कि कहीं कोई इस टूटी तार के चपेट में बड़ी अनहोनी का शिकार न हो जाए।**



सूचना पर सुबह विद्युत विभाग के कर्मचारी टूटी लाइन को जोड़ कर विद्युत सप्लाई चालू तो कर दिया, ये जोड़ने का शिलशिला कोई पहली बार नहीं हो रहा पता नहीं जर्जर हो चुकी तार को विभाग कितनी बार जोड़ चुका है। वार्ड वासी वार्ड पार्षद के संयुक्त हस्ताक्षर का ज्ञापन विभाग के कनिष्ठ यंत्री ,सम्भागीय कार्यालय ,जिला कलेक्टर सहित 181 में भी दिया. फिर भी विभाग को लगता है किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है । वार्ड वासियो का कहना था कि विभाग के शिकायत नम्बर 1912 में भी शिकायत की गई लेकिन जबाब मिला की इस समस्या के निदान के लिए अपने कनिष्ठ यंत्री के कार्यालय से सम्पर्क करें , लेकिन कनिष्ठ यंत्री के पास वही ढाक के तीन पात वाली कहावत सामने आई ।

### यहां से वार्ड में होती है सप्लाई

वार्ड 13 में गाय मिलौनीगंज में रामकिशोर बेलदार के घर के सामने 200 के वी के लगे ट्रांसफार्मर से एलटी लाइन के द्वारा वार्ड में खुली तार के सहारे बिजली घरों में सप्लाई होती है जिस केबिल से सप्लाई हो रही है वह करीब 50 वर्ष पुरानी हो जाने से पूरी तरह से क्षीण हो चुकी है । जिस तरह नगर के अन्य वार्डो में पुरानी केबिल बदली जा चुकी है इस वार्ड में भी नई केबिल लगाने की विभाग को जरूरत है इस सम्बंध में जब उचेहरा के कनिष्ट यंत्री अनुराग पांडेय से कई बार फोन से सम्पर्क किया गया उनसे सम्पर्क ही नहीं हो सका ।

# बच्चों ने मनाया रक्षा बन्धन का त्योहार

नवभारत न्यूज

**नागौद 8 अगस्त, रक्षाबंधन भाई बहन के अमूल्य प्रेम का त्यौहार है जहां बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर अपनी रक्षा का बचन लेती है वहीं भाई भी अपने दिए हुए बचन को निभाने का कर्म अंतिम सांस तक करता है।**

ऐसा ही एक वचन आज बृजराज ड्रीम्स एकेडमी स्कूल के बच्चों ने राखी बंधवा कर लिया और विद्यालय द्वारा सभी बच्चों को उनके भविष्य के दिनों में शाकाहारी व नशामुक्त रहने का भी संकल्प दिलाया गया। विद्यालय के संचालक धनंजय सिंह ने बच्चों को त्यौहार की शुभकामनाएं दी व अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को आज के त्यौहार के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया सिंह व खुसबू गौतम मैम द्वारा सम्पन्न हुआ।



# रास्ते में जलभराव , आवागमन ठप्प

नवभारत न्यूज

**कोटर 8 अगस्त, कोटर तहसील और रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चितगढ़ के चौबेन टोला के रास्ते में इतना पानी भरा हैं की पूरा मार्ग बाधित हैं और आवागमन पूरी तरह से बंद है.**



सरकारी जमीन जहां से पानी का बहाव होता था, उसे दबंगो द्वारा बंद कर दिया गया है, इससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

रास्ते में कही भी मुरुम और गिट्टी नहीं है, इस लिए चलना भी बहुत मुश्किल हैं, कोई वाहन नहीं आ जा सकता, लोगों को जरुरत का सामान किराना भी सिर में रख कर ले जाना पड़ता है। सरकार के बदलते भारत की तस्वीर है, विकास की तस्वीर है, हर ग्राम सडक योजना की तस्वीर , गरीबों, मजदूरों, किसानों की हितैषी सरकार की तस्वीर हैं,बीमार, गर्भवती माताएं, स्कूली बच्चों का क्या हाल होता होगा, बच्चों का स्कूल बंद है , क्या होगा इस देश के भविष्य का जब बच्चे स्कूल ही ना जा पाएंगे, जबकि जनपद सदस्य रामपुर और जिला पंचायत सदस्य भी इसी गांव के निवासी है, विधायक जी भी हर गाँव को नजर में रखते हैं पर शायद उनकी नजर भी यहाँ तक प्रतिनिधियों ने अभी नहीं प्रेषित किया है।

मण्डल अध्यक्ष भी पड़ोसी हैं पर अभी भी ये ग्राम चितगढ़ मूल भूत सुविधाओं से वंचित है ।



### हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता थीम पर हुई मेंहदी प्रतियोगिता

**नागौद 8 अगस्त,** पी. एम. श्री.शासकीय हाई स्कूल नागौद में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता की थीम पर विद्यालय की शिक्षिकाओं मनीषा मिश्रा, नीलम गुप्ता, शांती सिंह एवं रश्मी सिंह के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीयता का प्रदर्शन किया। छात्राओं की प्रतिभा को जमकर सराहा गया।

# रघुबीर मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है श्रावण झूला महोत्सव



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 8 अगस्त, परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की जानकी कुण्ड चित्रकूट स्थित तपोस्थली श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट ( बड़ी गुफा ) में श्रावण झूला महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है । यह उत्सव प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा पर्यंत आयोजित किया जाता है ।**

इस अवसर पर संस्कृत गुरुकुल के छात्रों द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की जाती है, सभी झांकियां देश और धार्मिक ग्रंथों के आधार सजी होती है जिन्हें देखने के लिए दर्शकों में होड लगी रहती है। सावन झूला पर सम्पूर्ण मंदिर परिसर को रौशनी और पुष्पों से सुसज्जित किया गया है, जिससे संपूर्ण वातावरण मंत्रमुग्ध कर देने वाला बन गया है। इस अवसर पर पारंपरिक झूला गीतों का मधुर गायन देशभर से आए कलाकारों द्वारा युगल सरकार के चरणों किया गया, जिसने श्रद्धालुओं के हृदय को भक्ति-रस से भर दिया। महोत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, और मंदिर प्रांगण में भक्ति की गंगा बहती रही। ट्रस्टी डॉ.बी.के.जैन, शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन एवं ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने छात्र कलाकारों को सुन्दर प्रस्तुतियों के लिए साधुवाद दिया.



# मां दुर्गा शिक्षा निकेतन विद्यालय में में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

नवभारत न्यूज

**अमदरा 8 अगस्त,** मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल घुनवारा में शुक्रवार को बड़े धूमधाम के साथ रक्षाबंधन के पर्व पर मेहंदी चित्रकला कार्यक्रम के साथ साथ बच्चों ने अपने हाथों से राखी बनाई तथा इसके बाद स्कूल के छात्रों को छात्राएं राखी बाधी इस अवसर पर विद्यायल के स्टॉप और छात्र छात्राएं उपस्थित रही वही संचालक संजय शुक्ला ने सभी को रक्षाबंधन की बधाई दी.

# कृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

- कथा व्यास अनुज शास्त्री (अन्नू भैया) ने कराया अमृतमयी कथा का रसपान



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 8 अगस्त, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित झूला महोत्सव व श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास अनुज शास्त्री ( अन्नू भैया ) के मुखार बिंद से कृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुनकर श्रोता भावबिहोर हो गये।**

भागवत कथा का समापन दिवस पर कथा व्यास अनुज शास्त्री (अन्नू भैया) ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का सुंदर विस्तृत वर्णन सुनाया। कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा सुनकर वहां उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सुदामा की दयनीय दशा और भगवान में निष्ठा के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें भर आई। संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के समापन अवसर पर व्यास जी ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा के लिए धन की कोई कमी नहीं थी। सुदामा के पास विद्वता थी और धनार्जन तो सुदामा उससे भी कर सकते थे। मगर सुदामा पेट के लिए नहीं, बल्कि आत्मा के लिए कर्म कर रहे थे। वे आत्म कल्याण को प्राथमिकता देते थे। भागवत जैसा ग्रंथ एक दरिद्र को प्रसन्नात्मा जितेंद्रिय शब्द से अलंकृत नहीं कर सकता। जिसे भागवत ही परमशांत कहती हो उसे कौन दरिद्र घोषित कर सकता है। पत्नी के कहने पर सुदामा का द्वारिका आगमन और प्रभु श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के सत्कार पर स्वामी जी ने कहा कि यह व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का सत्कार है।

# भासिंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का सतना आगमन आज

## स्टेशन पर होगा भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अगस्त, भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी का 9 अगस्त शनिवार को सतना नगर आगमन होगा सतना आगमन पर भारतीय सिंधु सभा परिवार द्वारा स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जाएगा।**



संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता में 10 अगस्त रविवार को शाम 4 से 5 बजे तक अमर शहीद हेमू कालानी पार्क परिसर में मुख्य शाखा महिला शाखा एवं युवा शाखा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संस्था के आयोजित आगामी कार्यक्रमअखण्ड भारत सिंध स्मृति दिवस एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सुखेजा संभाग प्रभारी विक्रम चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोहर,आरतानी ,विजय जग्यासी ,संरक्षक गोपी गेलानी, श्रीचंद मनवाणी ,गोपीचंद कापड़ी, अध्यक्ष अशोक चांदवानी ,महिला शाखा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती राखी होतचंदानी, अध्यक्ष सिमरन होतचंदानी, युवा शाखा प्रदेश मंत्री देवेंद्र सत्यवानी अध्यक्ष विकास सुखेजा जैकी छाबरिया ने संस्था के सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**नागौद 8 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी जसो मंडल की बैठक जिला मंत्री श्रीकृष्ण द्विवेदी के मुख्य अतिथि , मंडल अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण सेन उपस्थित रही, संचालन मंडल महामंत्री विजयकांत नामदेव ने किया एवं आभार मंडल मंत्री स्वप्निल सिंह ने किया।**



बैठक में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा , तिरंगा यात्रा ,16 अगस्त को भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि एवं जन्माष्टमी के दिन कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया एवं 14 अगस्त को जसो में मंडल स्तरीय तिरंगा यात्रा निकालना सुनिश्चित किया गया। बैठक में शिवनारायण पांडे, श्रीमती गुड्डी कुशवाहा, श्रीमती श्रद्धा दाहिया, विकास सिंह, लखन लाल मिश्रा, विशंभर द्विवेदी, राजकुमार सिंह, रोशन पांडे, मोहित सिंह, मनीष कुमार द्विवेदी, उमाशंकर शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार पांडे, अशोक कुमार चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र सोनी, राजेश कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, संतोष प्रसाद बागरी, सतीश तिवारी, सुखेंद्र कुशवाहा, विमलेंद्र सिंह, अरविंद वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, देवशरण समदड़िया, राम भगत विश्वकर्मा, अंकित सिंह परिहार आदि लोग उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति पर निकाली गई भव्य पैदल यात्रा,हजारों लोग हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 8 अगस्त, नशे से हो रहे शारीरिक मानसिक और आर्थिक नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक करने रामपुर बाघेलान में एक नशा मुक्ति संदेश रैली का आयोजन किया गया जिसमें युवा एवं खेलकूद विभाग से ब्लॉक क्कऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति तिवारी , डेफोडिल्स के डायरेक्टर विजयंत पांडेय , आईडीएम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश मिश्रा व पुलिश विभाग ने विशेष भूमिका निभाई।**



आयोजित रैली में राजस्व विभाग से आर आई अरुण कुमार वर्मा ,ब्लॉक कवार्डिनेटर श्रीमती ज्योती तिवारी, पटवारी ओम नारायण गौतम , पुलिस विभाग से एस आई एल पी वर्मा, ए एस आई केशव पांडेय, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बीके शुभम भाई के साथ कई विद्यालय के संचालकों ने रैली को भव्य बनाने के लिए भरपूर सहयोग प्रदान किया। जिसमें डेफोडिल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विजयंत पांडेय, हेमंत पांडेय ,आईडीएम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश मिश्रा, सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि त्रिपाठी ,शासकीय कन्या विद्यालय से विद्यालय के प्राचार्य एवं गुरुवायूर पब्लिक स्कूल से सूरज सिंह, विद्यालय स्टाफ लिटिल हार्ट्स स्कूल के डायरेक्टर योगेश ताम्रकार ,एन्जॉल हार्ट्स के देवेंद्र पाण्डेय, बालाजी विद्यालय के डायरेक्टर उमेश विश्वकर्मा विवेकानंद ,न्यू विजन के अरुदेन्द्र सिंह , सांदीपनि विद्यालय के विद्यालय राकेश त्रिपाठी, पी एम श्री कन्या हायर सेकेण्डरी स्टाफ और कई शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ तकरीबन डे? हजार की संख्या में बच्चों ने भाग लिया और नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशे से दूर रहकर सुखी परिवार और समृद्ध परिवार का नारा लगाया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



स्वतंत्रता दिवस की पावन पर्व को हर्षोल्लास से मनाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बाघेलान आर एन खरे ने सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की और पावन पर्व को समारोह पूर्वक मनाने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा किया।